**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून उत्तराखण्ड)**
**मंगलवार 22.07.2025**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिस्पना और बिंदाल नदी पर एलिवेटेड रोड निर्माण परियोजना की सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर भारत–नेपाल सीमा 72 घंटे के लिए बंद।

- भव्य कांवड़ यात्रा अंतिम दौर में। बड़ी संख्या में कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं।

- कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल ने अपनी यात्रा पूरी कर भारतीय सीमा में प्रवेश किया।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिस्पना और बिंदाल नदी पर चार लेन एलिवेटेड रोड निर्माण परियोजना की सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने आशारोड़ी से मोहकमपुर तक देहरादून रिंग रोड, बाईपास और यूटिलिटी डक्ट पॉलिसी पर भी तेजी से कार्य करने पर बल

दिया। आज सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण कार्यों में नवीन तकनीक का उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन पुलों की स्थिति खराब हो रही है, उनके पुनर्निर्माण और मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित और टिकाऊ सड़कों के निर्माण के लिए जियोसिंथेटिक रिटेनिंग वॉल जैसी तकनीक का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान लगातार चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में विशेष ध्यान देने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केदारखंड और मानसखंड की आपसी कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के लिए तेजी से कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने देहरादून से हल्द्वानी, दिल्ली से हल्द्वानी और अन्य प्रमुख शहरों के लिए सड़क कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने मसूरी और देहरादून के बीच यातायात के दबाव को कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी तेजी से कार्य करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## भारत–नेपाल सीमा बंद

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पहले चरण में 24 जुलाई को होने वाले मतदान को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा को 72 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। पिथौरागढ़ ज़िले के धारचूला, जौलजीबी, बलुवाकोट और सीतापुल सहित नेपाल को जोड़ने वाले सभी पुल 24 जुलाई की शाम तक बंद रहेंगे। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया मुनाकोट ब्लॉक के सीमा पुलों को दूसरे चरण में 28 जुलाई को होने वाले मतदान से पहले बंद किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपातकालीन परिस्थिति को देखते हुए संबंधित मजिस्ट्रेट को निर्णय लेने के अधिकार दिए गए हैं।

पोलिंग पार्टी उत्तरकाशी

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 24 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए आज विभिन्न जिलों में पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। उत्तरकाशी जिले में पहले चरण में नौगांव, पुरोला और मोरी विकासखंडों के तहत 272 पोलिंग बूथों पर मतदान होना है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि इन तीनों विकासखंडों के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित पोलिंग बूथों के लिए 81 मतदान पार्टियों को आज रवाना किया गया। जबकि शेष पोलिंग बूथों के लिए मतदान पार्टियां कल रवाना की जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उधर, चमोली जिले के ज्योर्तिमठ, नारायणबगड़, थराली और देवाल ब्लॉकों से आज 89 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। शेष 164 पोलिंग पार्टियां कल मतदेय स्थलों के लिए रवाना होंगी। जिले में पहले चरण के लिए 24 जुलाई को 258 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाएगा। सुचारु और निर्बाध चुनाव को लेकर सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं।

रुद्रप्रयाग जिले के तीनों विकासखण्डों– अगस्त्यमुनि, जखोली और ऊखीमठ के दूरस्थ पोलिंग बूथों के लिए भी आज 67 मतदान पार्टियों को रवाना किया गया।

## कांवड़ मेला

भव्य कांवड़ यात्रा अपने अंतिम दौर में है। लाखों की संख्या में कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। प्रस्थान के साथ ही कांवड़ियों के आगमन का सिलसिला भी जारी है। कल जलाभिषेक होने के साथ ही कांवड़ मेला भी सम्पन्न हो जाएगा। कल दोपहर तक सभी कांवड़िए हरिद्वार से अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाएंगे। अब तक साढ़े तीन करोड़ से अधिक शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को रवाना हो चुके हैं। इस बीच, आज भी हरिद्वार में कांवड़ियों का सैलाब उमड़ रहा है। हर–हर महादेव के जयकारों से हर कोई महादेव की भक्ति में डूबा हुआ है। शिव भक्त सुशील कुमार ने बताया कि वे बुलंदशहर से पैदल हरिद्वार गंगाजल लेने आए हैं।

हरिद्वार पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सड़कों पर मुस्तैदी के साथ दिखाई दे रहा है। इस बार हरिद्वार में कांवड़ के विभिन्न रूप देखने को भी मिले। कोई अपनी मां को कांवड़ में बैठाकर ले गया, तो किसी महिला ने अपने दिव्यांग पति को पीठ पर ले जाकर गंगाजल उठाया। वहीं स्वर्णमय शिव प्रतिमा को किसी ने कांवड़ का आकर्षण बनाया, तो कोई राम मंदिर और केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाकर कांवड़ ले गया।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल ने आज सफलतापूर्वक अपनी यात्रा पूरी कर भारतीय सीमा में प्रवेश किया। इस दल में कुल 51 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 34 पुरुष, 13 महिलाएं और 4 सपोर्टिंग स्टाफ शामिल हैं। सभी

यात्री स्वस्थ और सुरक्षित हैं। यह दल जल्द ही अगले पड़ाव गूंजी पहुंचेगा। इस बीच, कैलाश मानसरोवर यात्रा सुचारु रूप से संचालित हो रही है। वहीं, कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों ने पिथौरागढ़ में स्थित हाउस ऑफ हिमालयाज आउटलेट्स पर स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों, जड़ी–बूटियों, पारंपरिक अनाजों, हस्तशिल्प और हिमालयी मसालों की खरीददारी की। पूर्व सांसद मीनाक्षी लेखी सहित कई गणमान्य आगंतुकों ने 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की प्रशंसा की और इसे हिमालय की आत्मा को अनुभव करने का एक माध्यम बताया।

आउटलेट्स संचालकों ने तीर्थयात्रियों को न केवल स्थानीय उत्पादों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की वेबसाइट और देशभर में इसके आउटलेट्स से भी अवगत कराया, ताकि यह जुड़ाव केवल पिथौरागढ़ तक ही सीमित न रहे।

पुलिस महानिदेशक

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित संपन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी जिला प्रभारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था व चुनाव के पुलिस नोडल अधिकारी, डॉ. नीलेश आनन्द भरणे ने पुलिस की तैयारियों और बलों की तैनाती आदि से पुलिस महानिदेशक को अवगत कराया। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण

में मतदान का अवसर उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या चुनाव में बाधा डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## पर्यटन सर्किट

पंच बदरी और पंच केदार पर्यटन सर्किट को सक्रिय किया जाएगा और यहां शीतकाल में यात्रा का भी विस्तार किया जाएगा। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने ध्यान बदरी उर्गम और वृद्ध बदरी हेलंग के भ्रमण के बाद आज ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति का प्रयास है कि बदरीनाथ और केदारनाथ यात्रा के साथ सहवर्ती मंदिरों में भी तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचें। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि उपाध्यक्ष ने अपने भ्रमण के दौरान यात्री विश्राम गृहों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ध्यान बदरी और वृद्ध बदरी मंदिर सहित पंचम केदार कल्पेश्वर के दर्शन कर जलाभिषेक किया।